दैनिक

आर.एन.आई.नं.- MPHIN /2012/64802

E-Mail-parihargarjana@gmail.com

# परिहार गर्जना

संस्थापक- स्व.वीर सिंह परिहार चौका

संपादक - रामबाबू सिंह परिहार मो. 9755204916

वर्ष 13 | अंक 140 | छतरपुर, सोमवार 16 दिसम्बर 2024 | मूल्य 1.00 रूपये | पृष्ठ 16

## स्वर्गीय श्री भैयालाल जी शुक्ल की स्मृति में आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने किया शुभारंभ

### खेल एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं - उप मुख्यमंत्री



*परिहार गर्जना न्यूज। भोपाल 15 दिसम्बर 2024. उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि खेल एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। मेरे स्वर्गीय पिता जी की स्मृति में आयोजित किये जा रहे टूर्नामेंट के आयोजक साधुवाद के पात्र हैं जो पिता जी के प्रति श्रद्धा के भाव रखकर गत नौ वर्षों से अनवरत प्रति वर्ष इस टूर्नामेंट का आयोजन कर रहे हैं। श्री शुक्ल ने राष्ट्रीय एकता मंच द्वारा आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया।*

अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा के स्टेडियम में 22 दिसंबर तक आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के शुभारंभ अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस टूर्नामेंट के आयोजन में मेरा कोई योगदान नहीं है। आयोजक पिता जी के प्रति श्रद्धाभाव रखकर इसे आयोजित कर रहे हैं और इसकी ख्याति दूर-दूर तक हो रही है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए हार जीत की चिंता नहीं करनी चाहिए क्योंकि खेल ही वह विधा है जिसमें जीतने व हारने वाले एक दूसरे को बधाई देते हैं और जो हारते हैं वह अगली बार पूरे दमखम के साथ खेल में भाग लेते हैं। श्री शुक्ल ने पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेई की कविता का उल्लेख करते हुए कहा कि हार जीत को एक तरफ रखते हुए खेल भावना के साथ खेलना चाहिए और खेल की तरह अन्य प्रतिस्पर्धा में भी



सहयोमात्मक भाव से शामिल होना चाहिए। उन्होंने खेल प्रतियोगिता के आयोजकों को सफल आयोजन की शुभकामना दी। उप मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अध्यक्ष नगर निगम व्यंकटेश पाण्डेय ने किया। उप मुख्यमंत्री ने पूज्य पिता जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री ने क्रिकेट खेलकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री शैलेन्द्र शुक्ल, विवेक दुबे, केके गर्ग सहित आयोजन समिति के पदाधिकारी, खेल प्रेमीजन तथा प्रतिभागी टीम के खिलाड़ी उपस्थित रहे।

## 25 दिसंबर को खजुराहो में प्रस्तावित कार्यक्रम में केन बेतवा लिंक परियोजना की मिलेगी सौगात

### -प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगमन के पूर्व कार्यक्रम की तैयारियों की सांसद वीडी शर्मा ने की समीक्षा

### -जिले में उत्साह से शुरू हुआ जनजागरण, नदी जोड़ो परियोजना के बताए जा रहे फायदे, कार्यक्रम स्थल का किया गया निरीक्षण

छतरपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय केन बेतवा लिंक परियोजना की 25 दिसंबर को सौगात मिलने जा रही है। जिसका अधिक फायदा बुंदेलखंड क्षेत्र को होगा। जिसका भूमि पूजन कार्यक्रम खजुराहो से प्रस्तावित है। रविवार को कार्यक्रम की तैयारी और व्यवस्थाओं के संबंध में खजुराहो नगर परिषद सभागार कच्छ में सांसद वी.डी. शर्मा की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, छतरपुर विधायक ललिता यादव, बिजावर विधायक राजेश शुक्ला, चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, चंद्रभान सिंह गौतम सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं





प्रशासनिक अधिकारियों में कलेक्टर पार्थ जैसवाल, एसपी अगम जैन, एडिशनल एसपी विक्रम सिंह परिहार, एसडीओपी थाना प्रभारी सहित जिला पंचायत सीईओ तपस्या परिहर, एडीएम मिलिंद नागदेवे, डिप्टी कलेक्टर जीएस पटेल, नगर परिषद सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

कलेक्टर पार्थ जैसवाल के द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के आगमन से लेकर, कार्यक्रम स्थल की तैयारियों के बारे में संपूर्ण जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी गई। जिसमें केन बेतवा परियोजना की जानकारी में ढोड़न बांध की निर्माण लागत, सिंचाई क्षेत्र से लाभ, लाखों लोगों को पेयजल लाभ, कार्यक्रम स्थल का लेआउट, कार्यक्रम में बैठक व्यवस्था, हितग्राहियों को लाने का बस रूट प्लान, पार्किंग व्यवस्था, ट्रैफिक डायवर्सन प्लान, परियोजना के प्रचार प्रसार के लिए जल उत्सव के आयोजन एवं जागरूकता गतिविधियों के बारे में बताया गया।

सांसद विष्णु दत्त शर्मा ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि लोगों को कनेक्ट करने के लिए एक-एक दिन एक-एक गांव में पहुंचे जिससे माहौल बने। केन बेतवा का परिदृश्य कैसे बदलेगा सभी जनप्रतिनिधि एक-एक दिन स्थानों पर जाएं। पन्ना, टीकमगढ़, निवाड़ी जिले के प्रशासन के साथ पहुंच नीचे गांव तक हो। जल कलश यात्राएं हो जो लोगों को कनेक्ट करें। उन्होंने कहा कार्यक्रम में लोगो के आने की समुचित व्यवस्था रहे और हर गांव से लोग पहुंच सके। उन्होंने पर्यटन विभाग से भी केन बेतवा परियोजना के बारे में लोगों को जोड़ने के लिए कहा। बैठक के उपरान्त कार्यक्रम स्थल का भी निरीक्षण किया गया।

# केन बेतवा लिंक परियोजना को लेकर लोगों ने कहा बुंदेलखंड के भागीरथ हैं बीडी शर्मा




**तुलसीदास सोनी**

परिहार गर्जना न्यूज। खजुराहो। देश के पूर्व प्रधानमंत्री एवं केन बेतवा लिंक परियोजना को लेकर परिकल्पना के सूत्रकर पंडित अटल बिहारी वाजपेई जी के जन्म दिवस अवसर पर जिसकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो के मेला ग्राउंड में आधार शिला रखने को लेकर लोगों ने कहा कि केन बेतवा लिंक परियोजना के सपने को साकार करने में बुंदेलखंड के भागीरथ हैं विष्णु दत्त शर्मा जी जिनके प्रयासों से इस सपने को साकार करने के लिए भारी भरकम बजट दिलाकर बुंदेलखंड को पानीदार बना रहे हैं ।

खजुराहो में 25 दिसंबर को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, जल शक्ति मंत्री एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव तथा खजुराहो सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णु दत्त शर्मा जी के उपस्थिति में जो भूमि पूजन का कार्यक्रम रखा गया है उक्त इस आयोजन को सफल बनाने के लिए खजुराहो के फैसिलिटेशन सेंटर में आयोजित पार्टी पदाधिकारी की बैठक में अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए उपस्थित जनप्रतिनिधियों को प्रेरित किया गया, वहीं 25 दिसंबर को खजुराहो के मेला ग्राउंड में अधिक से अधिक लोग उपस्थित होकर इस उपलब्धि के लिए प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद ज्ञापित करने हेतु लोगों को यहां तक कैसे पहुंचे इस हेतु व्यवस्थाएं बनाने के लिए भी दिशा निर्देश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा जी के द्वारा प्रदान किए गए । आयोजन को भव्य बनाने के लिए आज इस संभागीय बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जी के अलावा भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभागीय प्रभारी चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी, छतरपुर जिले के भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम, मध्य प्रदेश शासन में वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, राजनगर विधायक अरविंद पटेरिया, बिजावर विधायक राजेश शुक्ला, छतरपुर विधायक ललिता यादव, पन्ना विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह, के अलावा पन्ना टीकमगढ़ निवाड़ी दमोह सहित कई जिलों के आए जिला अध्यक्ष एवं विधायक एवं पूर्व विधायक, नगर पालिका, वरिष्ठ भाजपा नेता पंडित सुधीर शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार उर्फ पप्पू अवस्थी, नगर परिषद सीएमओ बसंत चतुर्वेदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह बघेल, लोकपाल सिंह बुंदेला विक्रमपुर जिला पंचायत एवं जनपदों के अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षद गण सहित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारीयो कि यहां विशेष उपस्थिति देखी गई ।

# विधायक निर्मला सप्रे ने ग्राम पंचायत आगासौद में दो महत्वपूर्ण कार्यों का किया शुभारंभ

**राजेश बबेले**

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/बीना विधानसभा क्षेत्र की विधायक निर्मला सप्रे ने शनिवार को ग्राम पंचायत आगासौद में दो महत्वपूर्ण कार्यों का उद्घाटन किया गया। इन कार्यों के तहत क्षेत्र के विकास को लेकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को मिलेगा।



***सीसी रोड निर्माण***

देशराज के घर से मदन घोषी की ओर सीसी रोड निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके लिए 5.30 लाख रुपये की स्वीकृत राशि प्रदान की गई है, जो ग्रामीणों की आवागमन की समस्या को हल करने में सहायक होगी।

***हाई स्कूल बाउंड्री वॉल का लोकार्पण***

ग्राम पंचायत आगासौद में स्थित हाई स्कूल की बाउंड्री वॉल का लोकार्पण भी निर्मला सप्रे द्वारा किया गया इस दौरान विधायक सप्रे ने कहा कि इस परियोजना के लिए 10.67 लाख रुपये की स्वीकृत राशि दी गई है, जिससे विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था में सुधार होगा। उन्होंने कहा कि इसके अलावा, मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के तहत जनकल्याण पर्व के दौरान ग्राम पंचायत आगासौद में विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों को प्रदान किया जाएगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से बीना क्षेत्र में विकास कार्यों का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा और अधिक से अधिक नागरिकों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। बीना विधायक श्रीमती निर्मला सप्रे ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री श्री डॉक्टर मोहन यादव की सरकार हमेशा गांवों और आम नागरिकों के उत्थान के लिए कार्यरत रही है, और उनका प्रयास रहेगा कि क्षेत्र में और भी विकास कार्यों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए।

# बाल संरक्षण कार्यक्रम- शासकीय प्राथमिक विद्यालय बम्हौरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा जागरूकता अभियान




**विनोद कुमार जैन**

***परिहार गर्जना न्यूज। बकसवाहा। शासकीय नवीन महाविद्यालय बकसवाहा के राष्ट्रीय सेवा योजना (रासे) के स्वयंसेवक और आगाज़ इंटर्न प्रथम, बिल्थरे द्वारा शनिवार को शासकीय प्राथमिक विद्यालय बम्हौरी में एक विशेष बाल संरक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों को बाल हिंसा के प्रति जागरूक करना और इसके प्रति बचाव के उपायों को बताना था।***

कार्यक्रम का विषय था, बाल हिंसा को समाप्त करना, और इसके अंतर्गत बच्चों को बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी, घरेलू हिंसा, लैंगिक हिंसा जैसे गंभीर मुद्दों पर जागरूक किया गया। आगाज़ इंटर्न प्रथम बिल्थरे ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार से इन समस्याओं का सामना किया जा सकता है और बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए कौन-कौन से उपाय अपनाए जा सकते हैं।

इस अवसर पर, बिल्थरे ने बच्चों को चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के बारे में जानकारी दी, जिससे बच्चे किसी भी प्रकार की हिंसा या शोषण के शिकार होने पर तुरंत मदद ले सकते हैं। उन्होंने बच्चों से यह भी आग्रह किया कि वे अपनी समस्याओं को सुरक्षित तरीके से सामने रखें और आवश्यक सहायता प्राप्त करें।

कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य अशोक बिहारी बिल्थरे, शिक्षिका ऊषा मिश्रा, और द्रोपती जैन भी उपस्थित रहे। प्राचार्य अशोक बिहारी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि यह पहल बच्चों की सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, आज के इस कार्यक्रम से बच्चों को अपनी सुरक्षा के अधिकार और उपायों के बारे में जानकारी मिली है। इस तरह के कार्यक्रम आगे भी जारी रहने चाहिए, ताकि बाल हिंसा को कम किया जा सके और बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो सके।

कार्यक्रम में शिक्षिकाओं और बच्चों ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई और इस पहल को पूरी तरह से समर्थन दिया। बच्चों ने बाल हिंसा के बारे में जानकारी ली और इसे रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा सकते हैं, इस पर अपने विचार साझा किए।

इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यालय प्रशासन ने यह संदेश दिया कि बच्चों को उनकी सुरक्षा के बारे में जागरूक करने और उन्हें अधिकारों के प्रति सजग बनाने की आवश्यकता है। इस पहल के सफल आयोजन से विद्यालय में बाल हिंसा के खिलाफ एक सशक्त संदेश गया और यह बच्चों को सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।

# उज्जैन आश्रम से जुड़ी बाबा जयगुरुदेव संगत का कोई भी व्यक्ति किसी से कोई चंदा, चुटकी सेवा, दान आदि नहीं लेने जाता

## तन,मन व धन से जाने-अनजाने में बने पाप कर्म सेवा करने से कटते हैं

परिहार गर्जना न्यूज। उज्जैन (म.प्र)। परम् सन्त बाबा उमाकान्त जी महाराज ने बलरामपुर में दिए सन्देश में बताया कि जैसे शरीर से पाप कर्म होने पर उससे मिलने वाली तकलीफों को काटने के लिए शरीर से सेवा करनी पड़ती है, इसी प्रकार धन से भी पाप हो जाता है। कहा है-

गुरु बिन माला फेरते, गुरु बिन करते दान।
गुरु बिन दोनों निष्फल हैं, पूछो वेद पुराण।।



जैसे आपने तो किसी को अच्छे भाव में दान दिया लेकिन वो दान लेने वाला गया और बकरा काटा, मुर्गा खाया तो जीव हत्या हुई और पाप आप को लगा, धन का पाप किया तो आपके ऊपर इसका असर आएगा।

***तन मन धन से बने पाप को काटने का तरीका***

मनसा, वाचा और कर्मणा तीन तरह के पाप होते हैं। अब आपके द्वारा बन गए पाप कैसे कटेंगे ? आपके तन, मन या धन जिससे आपने पाप किया है, उसी से जब सेवा करोगे तब वह कर्म कटेंगे। जैसे शरीर की सेवा है, धन की सेवा और मन की भी सेवा है। मन अगर न लगे तो कोई काम नहीं हो सकता है। कहीं धन की भी जरूरत पड़ती है और कहीं शरीर से सेवा की जरूरत पड़ती है। जैसे आपने सतसंग कार्यक्रम में जल्दी आकर के तैयारी की, व्यवस्था सेवा की, यहाँ आये। नये-पुराने कैसी के भी समझ में सतसंग की एक भी बात आ गयी और अगर वह करने लग गए,और फायदा हो गया तो आप भी पुण्य के भागीदार हो जाओगे। भूखे-प्यासे को खिलाने-पिलाने की तरह ही जब जीवात्मा को अंदर का, शब्द का आहार मिल जाएगा तब वह खुश होकर आशीर्वाद देगी। आप यहां जल्दी आकर के कार्यक्रम की तैयारीयों के लिए शरीर से मेहनत किए, टेंट आदि इंतजाम सब आपने किया। कुछ न कुछ धन लगा होगा। कोई चाचा कहने से तो आपको सामान दे नहीं दिया होगा! यह तो सब आपसे किराया खर्चा आदि लेंगे ही, बिल बनाएंगे। पैसा किसका लगा ? आप लोगों का लगा।

***चन्दा, दान मांगने वाला व्यक्ति बाबा जयगुरुदेव संगत उज्जैन का नहीं है***

सतसंग कार्यक्रम में आप कस्बे के, गांव के स्थानीय लोग कोई भी जिम्मेदार, रोजगार करने वाले, दुकानदार, प्रतिष्ठित लोग बैठे हो, आपके यहां कोई भी चंदा मांगने नहीं गया होगा। अगर गया भी होगा तो वह बाबा जी का आदमी नहीं है। वह व्यक्ति, बाबा जयगुरुदेव संगत जो उज्जैन से जुड़ी हुई है, उनका आदमी नहीं है। हमारे सतसंगी किसी से कुछ नहीं मांगते, आप प्रेमियों ने सब किया। आपका कुछ लगा , जो धन से पाप हो गया वह इससे कटता है। आपने मन लगाया तभी तो आप आए, तभी तो सुन रहे हो, समझ रहे हो। मन आपका लग गया तो आप सेवा करोगे तो फल मिल जाएगा। यह है सेवा, तो सेवा करना चाहिए।

***रोज की सेवा***

आपको यह जो दो-चार दिन की सतसंग व नामदान कार्यक्रम आयोजन सम्बंधित सेवा मिल रही है, ये रोज तो मिलेगी नहीं। लेकिन कर्म रोज करोगे और उसे काटोगे नहीं तो वही फिर तकलीफ-दुन्ख देगा। जैसे घर में रोज झाड़ू अगर न लगाएं तो कूड़ा इकट्ठा हो जाएगा, बिमारी आएगी। ऐसे ही रोज सुमिरन, ध्यान, भजन करो, प्रचार करो, कुछ न कुछ अच्छी बात बताओ। जिस चीज को लोग भूल रहे हैं कि क्या खाना चाहिए, क्या पहनना चाहिए, किस तरह से रहना चाहिए, भाई-भाई के साथ, पिता-पुत्र के साथ कैसा बर्ताव करे, पति-पत्नी का फर्ज क्या होता है आदि तब उनका यह गृहस्थ आश्रम स्वर्ग बन सकता है।

# जिस समाज में अपने वरिष्ठों का सम्मान नहीं होता,वह समाज कभी उन्नति नहीं कर पाता है- विधायक




परिहार गर्जना न्यूज। सागर।मध्य प्रदेश राज्य विद्युत मंडल पेंशनर्स एसोसिएशन सागर का वार्षिक सम्मेलन रविन्द्र भवन सभागार में आयोजित किया गया,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन उपस्थित थे,कार्यक्रम में पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों ने विधायक जैन को अपनी विभिन्न मांग पत्रों से संबंधित ज्ञापन सौंपा, एसोसिएशन के सदस्य रामलखन ने अपनी मांगो का वाचन किया,

कार्यक्रम को विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक तानाबाना है इसमें समाज के वरिष्ठ जनों ओर परिवार के मुखिया का बहुत महत्व होता है,जिस समाज के अंदर अपने वरिष्ठों,पूर्वजों का सम्मान नहीं होता वह समाज कभी उन्नति नहीं कर सकता,उन्होंने कहा कि हमारे पेंशनर्स की पेंशन का भुगतान ट्रेज़री से हो मै इस बात से सहमत हूं ओर इस विषय में माननीय मुख्यमंत्री महोदय से जरूर चर्चा करूंगा, इसके अलावा बिजली पेंशनर्स को केंद्र के सामन मंहगाई राहत भुगतान व्यवस्था को भी सुनिश्चित किया जाए,मैने विधानसभा में अनेक बार शासकीय कर्मचारियों की पेंशन के अतिरिक्त विभिन्न सामाजिक पेंशन जैसे विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन,दिव्यांग पेंशन आदि इन सभी को मंहगाई सूचकांक के साथ जोड़ देनी चाहिए ताकि मंहगाई दर से इनमें बढ़ोत्तरी हो सके। इस अवसर पर मुख्य रूप से ए के पांडे, सी एल स्वर्णकार, पीसी चौरसिया,योगेश सिंघई,सुरेश बाबू खरे,के सी जैन,अरविंद जैन,राजीव श्रीवास्तव,नरेंद्र पंचरत्न, डी के जैन,राजकुमार रावत सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स साथी उपस्थित थे।

# राजीव गांधी भवन में संपन्न हुई विधानसभा घेराव की तैयारी की बैठक



परिहार गर्जना न्यूज। सागर/15 सितंबर। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर 16 दिसंबर को महिलाअत्याचार,भ्रष्टाचार,तानाशाही, महंगाई जैसे मुद्दों को लेकर विधानसभा घेराव करने शहर कांग्रेस कमेटी से सैकड़ों कार्यकर्ता भोपाल के लिये रवाना होगे। जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय,राजीव गांधी भवन में तैयारियों को लेकर हुई बैठक में जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने बताया कि अब भाजपा सरकार में शहर में अफसरशाही की अति हो चुकी है,स्मार्ट सिटी भ्रष्टाचार,कांग्रेसियों पर जबरन मुकदमें आदि मुद्दों के विरोध की आवाज राजधानी में बुंलद करेंगे। शहराध्यक्ष ने कांग्रेस परिजनों से अधिक से अधिक संख्या में भोपाल चलने की अपील की।जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने बताया कि सुबह 7 बजे मोतीनगर चौराहे पर सभी कांग्रेस जन एकत्र होंगे वहीं से सभी कांग्रेस जन गाड़ियों से एक साथ काफिले के रूप में राजधानी के लिये रवाना होंगे। बैठक में शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे,प्रवक्ता अवधेश तोमर,युवक कांग्रेस जिला अध्यक्ष राहुल चौबे,शैलेन्द्र तोमर,ग्रामीण सेवादल अध्यक्ष महेश जाटव,ब्लाक अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा,योगराज कोरी,वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप गुप्ता,दीनदयाल तिवारी लीलाधर सूर्यवंशी,नितिन पचौरी,कुंजी लडिया,शुभम् सोनी,प्रियंकर तिवारी,रिंकू सिंह राजपूत, फहीम खान,नृगनेन्द्र सिंह, दीपेंद्र कोरी, वीरू चौधरी उपस्थित रहे।

# कजलीवन मैदान में आयोजित सागर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट हुआ शुभारंभ

## खेल तन एवं मन को स्वस्थ स्वस्थ रखने का बहुत बड़ा माध्यम है - राजेंद्र सिंह



परिहार गर्जना न्यूज। सागर। 15 दिसंबर रविवार से कजलीवन ग्राउंड में सागर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मुख्य अतिथि किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी, महापौर प्रतिनिधि डॉ. सुशील तिवारी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजेंद्र सिंह राजपूत ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है इसलिए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खेलों को बहुत महत्व देते हैं। खेलों से व्यक्ति स्वस्थ तो रहता ही है उसका मन भी अच्छा रहता है। उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी खेलों से बहुत दूर होती जा रही है उसका सबसे ज्यादा समय मोबाइल में व्यतीत होता है जिससे उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ता है, इसलिए सभी युवाओं को आगे आकर खेलों के प्रति अपनी रुचि बढ़ाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के खेलों के आयोजन से एक नई ऊर्जा का संचार होता है तथा नई प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर प्राप्त होता है और वे अपने शहर का नाम रोशन करती हैं।

महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खेलों का बड़ा महत्व है खेलों से व्यक्ति का तन एवं मन दोनों स्वस्थ रहते हैं साथ ही मैच देखने वाले दर्शकों का भी मनोरंजन होता है। सागर लीक फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन के माध्यम से खिलाड़ियों को एक नया मंच तो मिलेगा ही उसके साथ ही युवा पीढ़ी में खेलों के प्रति रुचि बढ़ेगी तथा इस प्रकार की प्रतिस्पर्धाओं से नई प्रतिभाएं उभरकर सामने आएंगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमेशा होते रहना चाहिए जिससे यहां के खिलाड़ी प्रदेश एवं देश में सागर का नाम रोशन कर सकें।

महापौर प्रतिनिधि डॉक्टर सुशील तिवारी ने कहा कि संकल्प फाउंडेशन के माध्यम से सागर लीक फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है इसके लिए संकल्प फाउंडेशन बधाई का पात्र है। अब सागर में सिटी स्टेडियम एवं खेल परिसर का मैदान भी बहुत अच्छा बन चुका है अच्छे खेल ग्राउंड होने से आप सागर में भी राज्य स्तरीय खेलों की प्रतिस्पर्धाएं आयोजित होगी जिससे नई प्रतिभाओं को खेलने के अवसर मिलेंगे। उन्होंने सागर लीक फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग ले रही सभी टीमों को शुभकामनाएं दीं।

शुभारंभ अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री राजेंद्र सिंह राजपूत,महापौर श्रीमती संगीता सुशील तिवारी एवं महापौर प्रतिनिधि डॉक्टर सुशील तिवारी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा पहला मैच डी एफ ए सागर और सूर्यांश फ्रेंड्स क्लब के मध्य खेला गया जिसमें दोनों टीमें ड्रॉ खेली और ड्राइवेकर में डी एफ ए सागर ने 3-2 से मैच जीत लिया। टूर्नामेंट का आयोजन रिशांक तिवारी के द्वारा किया जा रहा है। 8 दिनों तक चलने वाले इस टूर्नामेंट में विजेता टीम को 20 हजार रुपए और उपविजेता टीम को 10 हजार रुपए पुरस्कार के रूप में दिए जाएंगे। कार्यक्रम में आयोजक रिशांक तिवारी ,जिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष रवि तोमर, डीएफए सचिव विशाल तोमर, पार्षद प्रतिनिधि सोमेश जड़ियाँ, बलवंत राठौर, शैलेंद्र तोमर, आरिफ अंसारी, दविंदर भाटिया, शैलेन्द्र तोमर, कौशल यादव, हेमंत गंगापारी, नरेश तोमर, नीरज करौसिया, अभिषेक साहू, निष्कर्ष दुबे, विपुल समैया, मोनू लड़िया, आनंद अग्रवाल,नमन चौबे सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# पूर्व मंत्री भूपेंद्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र से चुने गए भाजपा मंडल अध्यक्षों व प्रतिनिधियों को बधाई दी

परिहार गर्जना न्यूज। सागर। पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित 6 भाजपा मंडल अध्यक्षों व 6 भाजपा मंडल प्रतिनिधियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं। पूर्व मंत्री श्री भूपेंद्र सिंह ने कहा है कि सभी 12 नवनिर्वाचित अध्यक्ष और प्रतिनिधि युवा हैं। ये सभी क्षेत्र में पार्टी संगठन को मजबूत करेंगे और सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों, योजनाओं का लाभ व जानकारी क्षेत्र के जन जन तक पहुंचाने में बड़ी भूमिका निभाएंगे। उल्लेखनीय है कि इस बार दो नये भाजपा मंडल खुरई क्षेत्र में बनाए गए हैं जिनके अध्यक्ष व प्रतिनिधियों के चुनाव भी कराए गए हैं। विधानसभा क्षेत्र के 4 पुराने व दो नये मंडलों में निर्वाचित हुए अध्यक्षों की सूची के अनुसार भाजपा खुरई नगर मंडल अध्यक्ष चौधरी राहुल जैन, खुरई ग्रामीण मंडल अध्यक्ष रवीन्द्र सिंह राजपूत (नरोदा), धनौरा मंडल अध्यक्ष राजपाल सिंह राजपूत (सिंगपुर), बांदरी मंडल अध्यक्ष अनिल पाराशर (झीकनी), बरोदियां कलां मंडल अध्यक्ष नीतेश यादव (प्रेमपुरा), मालथौन मंडल अध्यक्ष अरविंद सिंह लोधी (रामछायरी) शामिल हैं। निर्वाचित भाजपा मंडल प्रतिनिधियों की सूची में खुरई नगर मंडल प्रतिनिधि धर्मेन्द्र सिंह (निर्तला) खुरई ग्रामीण मंडल प्रतिनिधि हरिशंकर कुशवाहा (मुकारमपुर), धनौरा मंडल प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह (धनौरा), मालथौन मंडल प्रतिनिधि रामकुमार बघेल (खैरा), बरोदिया कलां मंडल प्रतिनिधि दयाराम चौरसिया (बरोदिया), बांदरी मंडल प्रतिनिधि नारायण लोधी (पप्पू मुकद्म बांदरी) शामिल हैं।

# युवा नेता वैभव दुबे ने दिव्यांग बच्चों के साथ भोजन कर उन्हें केक खिलाकर एवं पुरस्कार देकर मनाया अपना जन्म दिवस

परिहार गर्जना न्यूज। बीना/भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य बीना के युवा नेता वैभव दुबे ने अपने जन्म दिवस के उपलक्ष में अंजनी समर्थ केंद्र द्वारा बीना द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के बीच पहुंचकर अपना जन्मदिन मनाया उन्होंने दिव्यांग बच्चों को भोजन कराया एवं उनके साथ बैठकर भोजन किया केक काटकर मिठाई खिलाकर एवं उनको अलग-अलग पुरस्कार स्वरूप गिफ्ट देकर उनके ऊपर फूल बरसाए इस दौरान उन्होंने कहा कि मुझे आज जन्म दिवस की उपलक्ष में इतनी प्रसन्नता है कि आज मैं इन बच्चों के बीच आया हूं और अपने जन्म दिवस पर अपने आप को सौभाग्यशाली मानता हूं कि मुझे अपना जन्मदिन इन दिव्यांग बच्चों के बीच जो बोल नहीं सकते चल नहीं सकते जिनका मानसिक विकास नहीं हुआ है उनके बीच जाकर अपना जन्म दिवस मना रहा हूं ईश्वर की कृपा मानकर जन्मदिन पर इस तरह का



जन्म दिवस मना कर मुझे बेहद प्रसन्नता खुशी हुई है मैं बहुत-बहुत ईश्वर को धन्यवाद देता इस दौरान कार्यक्रम संस्था के संचालक नंदराम कुशवाहा राकेश सुमन राकेश माली भगवान दास कुशवाहा पुष्पेंद्र ठाकुर अभिषेक ठाकुर अवध तिवारी अर्जुन योगी अमित दुबे भूपेंद्र ठाकुर सुमित जैन सूरज नायक अनुज माली संजू नागवानी दीपक सेन दीपक तिवारी हरिराम रजक राहुल अहिरवार अर्जुन सहित अन्य सभी युवा साथी और मातृशक्ति और संस्था के सभी सहयोगी उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर चली गोली, घायल युवक को किया सागर रिफर

## रिपोर्ट के इंतजार में हैं थाना प्रभारी, आरोपी पुलिस गिरफ्त से बाहर

**सौरभ खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। जमीनी विवाद के चलते हुए गोलीकांड के दौरान छत्तीस घंटे बाद पुलिस को रिपार्ट का इंतजार है। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी पुष्पेन्द्र यादव मौके से फरार हो गया। घायल युवक को जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद मेडीकल सागर रिफर कर दिया है। घायल युवक को कार्रवाई का इंतजार बना हुआ है। इस संबन्ध में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि थाना प्रभारी देहात द्वारा ग्राम में पहुंचकर मुआयना किया गया है। फरियादी द्वारा अब तक रिपोर्ट न किए जाने से अब तक एफआईआर नहीं हो सकी है। घटना के दो बाद दिन बाद भी किसी प्रकार की रिपोर्ट न होने से थाना प्रभारी देहात भी अब तक एफआईआर नहीं कर सके हैं। रिपोर्ट न होने से आरोपी को फरार होने का पर्याप्त होने का पर्याप्त मौका मिला है। यह घटना लोगों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। थाना प्रभारी का कहना है कि बीते रोज उन्हें मीडिया से ही घटना का पता चला, इसके बाद जिला अस्पताल पहुंचकर घायल के ब्यान लेने का भी प्रयास किया गया, लेकिन घायल युवक को सागर मेडीकल के लिए रिफर कर दिया गया था। इस घटना में अब तक किसी प्रकार की कार्रवाई न होने के पीछे कारण जो भी रहे हों, लेकिन ग्रामवासियों में अटकलों का बाजार गर्म बना हुआ है। बताया गया है कि सुबह से ही हुई इस वारदात के बाद के घटनाक्रम से जिले की सुरक्षा व्यवस्था पर जरूर सवाल उठने लगे हैं। थाना देहात अंतर्गत आने वाले ग्राम रामनगर सेंवढ़ा में हुए गोलीकांड के बाद गांव में दहशत फैली हुई है। थाना प्रभारी रवि गुप्ता का इस संबन्ध में कहना है कि अब तक (शाम छह बजे तक) थाना में गोली चलने जैसी किसी घटना की रिपोर्ट नहीं आई है, मीडिया के द्वारा ही पता चल रहा है। जैसे ही मैमो आएगा, कार्रवाई की जाएगी। जबकि घायल युवक






दीपचंद यादव को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल से सागर मेडीकल के लिए रिफर कर दिया गया है। फरियादी दीपचंद यादव का कहना है कि थाना प्रभारी रवि गुप्ता ने सागर आकर ब्यान दर्ज किए हैं। उन्होंने एफआईआर कर आरोपी को गिरफ्तार करने का भरोसा दिलाया है। घटना के संबन्ध में बताया गया है कि सुबह 4ः30 बजे निकटवर्ती ग्राम रामनगर सेंवढ़ा में हुए गोलीकांड के बाद से आसपास के इलाके में सनसनी फैली हुई है। रामनगर सेवड़ा गांव में हुए गोलीकांड को जमीनी विवाद से जोडक़र देखा जा रहा है। इस संबन्ध में थाना प्रभारी रवि गुप्ता का कहना है जैसे ही मैमो आएगा, उचित कार्रवाई की जाएगी। वहीं घायल युवक दीपचंद का कहना है कि यह घटना जमीन को लेकर चली आ रही रंजिश के कारण हुई है। देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इलाके के रामनगर सेवड़ा गांव में जमीनी विवाद की रंजिश को लेकर गोली चलाई गई। घायल युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां से उपचार के लिए मेडीकल भेजा गया है। जिला अस्पताल में घायल दीपचंद यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि पुष्पेंद्र यादव निवासी ग्राम पंचायत बोरी ने शनिवार की सुबह करीब 4ः30 बजे जान से मारने के उद्देश्य से छाती पर तमंचा रखा। दीपचंद ने छाती से तमंचे को हटाया तो पुष्पेंद्र से गोली चला दी, गोली दीपचंद्र के हाथ में जा लगी। बताया गया है कि जिला अस्पताल में उपचार के बाद घायल युवक को मेडीकल सागर रिफर किया गया है। प्रभावित परिवार ने आरोपी को गिरफ्तार करने की मांग की है।

### मोहन सरकार के सफल 1 वर्ष पूर्ण होने पर हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस-

## मोहन सरकार का यह प्रथम वर्ष मध्यप्रदेश में सुशासन, विकास और विरासत के संवर्धन के लिए समर्पित रहा है- दिलीप अहिरवार




परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। भारतीय जनता पार्टी के नवीन भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस संपन्न हुई। भाजपा मीडिया प्रभारी स्वप्निल तिवारी व प्रफुल्ल द्विवेदी ने बताया कि अत्यंत हर्ष एवं गौरव का विषय है कि मध्य प्रदेश में 13 दिसंबर 2023 को डॉक्टर मोहन यादव के नेतृत्व में गठित भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सफ ल एवं सार्थक 1 वर्ष पूर्ण कर लिया है। वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश के प्रचंड एवं ऐतिहासिक जन आशीर्वाद से भाजपा पार्टी की सरकार बनी। एमपी के मन में मोदी और मोदी के मन में एमपी का नारा चरित्रतार्थ हुआ था। आज मोहन सरकार की सफ ल एक वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। वार्ता के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश सरकार के पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित नुना व वरिष्ठ भाजपाई नेता विवेक चतुर्वेदी शामिल हुए। सर्वप्रथम भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना ने कहा संगठन पर्व पर बूथ समितियों का कार्य शत-प्रतिशत पूरा हुआ। पौने 2 लाख जिले में सदस्यता हुई। सक्रिय सदस्यता अभियान चलाया गया और कार्यकर्ताओं ने सदस्यता ग्रहण की। अब जिले में तीन नए मंडल बनाए गए हैं, जो देरी, सावरकर वार्ड टीकमगढ़ व बम्होरी कलां है। जिसमें मंडल अध्यक्ष भी नियुक्त हुए हैं। संगठन पर्व में संगठन विस्तार हो रहा है जो एक उत्सव सामान है। पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार मोहन सरकार का यह प्रथम वर्ष मध्य प्रदेश में सुशासन, विकास और विरासत के संवर्धन के लिए समर्पित रहा है। हमारी सरकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मंत्र सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास के साथ गौरवशाली संपन्न एवं विकसित मध्य प्रदेश की संकल्पना को साकार करने का ईमानदार प्रयास किया है। सब मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी ने अपनी 1 वर्ष की कार्यकाल में प्रदेश की उन्नति के लिए किसान, गरीब, महिला और युवाओं के लिए सफ लता के द्वार खोल दिए हैं। इससे अन्य वर्गों के जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शुरू किया गया है, जिसमें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित नागरिकों को लाभान्वित किया जाएगा और जल समस्याओं का मौके पर सिविल लगाकर निराकरण किया जाएगा। इसमें केंद्र और राज्य सरकार की शत-प्रतिशत सैचुरेशन वाली चिन्हित 34 हितग्राही मूलक योजनाओ में और 11 लक्ष्य आधारित योजनाओं के साथ विभिन्न विभागों से संबंधित 63 सेवाओं का शिविर लगाकर आमजन को लाभ दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मोहन सरकार भाजपा सरकार में इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 श्रमिक परिवारों की लंबित राशि 224 करोड रुपए का भुगतान किया गया। संभल 2.0 के अंतर्गत एक करोड़ 73 लाख से अधिक श्रमिकों का पंजीयन हुआ। 40 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को 895 करोड रुपए से अधिक की अनुग्रह राशि का अंतरण हुआ। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में 36 लाख से अधिक परिवारों और प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी में 8 लाख से अधिक परिवारों का साकार हुआ है घर का सपना। किसान कल्याण के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केंद्र की स्थापना होगी। रानी दुर्गावती श्री अन्न प्रोत्साहन योजना में किसानों को 1 हजार रुपए प्रति कितंल की दर से अधिकतम 3900 रुपए प्रति हेक्टेयर की अतिरिक्त सहायता दी जाएगी। किसानों को समर्थन मूल्य पर उपार्जित गेहूं पर प्रति क्विंटल 125 रुपए बोनस का भुगतान होगा।

***कुलपति अब कहलाएंगे कुलगुरू-***

प्रदेश के विश्वविद्यालयों की कुलपति अब कुलगुरु कहलाएंगे। राज्य स्तरीय रोजगार दिवस के अवसर पर रिकॉर्ड 7 लाख युवाओं को 5 हजार का स्वरोजगार ऋण वितरण हुआए महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए शासकीय सेवाओं में महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। प्रदेश की लगभग 26 लाख लाडली बहनों को 450 रुपए में गैस सिलेंडर की रीफि लिंग के लिए वर्ष 2024 में 715 करोड़ रुपए से अधिक की राशि का अंतरण किया गया। 1 लाख से अधिक दीदीयां लखपति बनी है। वर्ष 2025 को औद्योगिक वर्ष के रूप में घोषित किया गया है, अब तक संपन्न हुई 6 रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव उज्जैन, जबलपुर, ग्वालियर, सागर, रीवा और नर्मदा पुरम से रुपए 2.07 लाख करोड़, मुंबई, बेंगलुरु, कोयंबटूर, कोलकाता में किए गए रोड शो कार्यक्रमों में रुपए 1 लाख करोड़ से अधिक की निवेश, भोपाल में आयोजित खनन कॉन्क्लेव में रुपए 20 हजार करोड़ के निवेश और मुख्यमंत्री जी के यूके और जर्मनी यात्रा में 78 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं।

## छह साल से फरार चल रहा आरोपी पुलिस गिरफ्त में

### एसपी ने किया था दस हजार का इनाम घोषित

परिहार गर्जना न्यूज। टीकमगढ़। थाना देरी पुलिस के हाथ एक और कामयाबी लगी है। छह साल से फरार चल रहे आरोपी को खोजकर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पूर्व देरी चौकी पुलिस ने अनेक मामलों का खुलासा कर आरोपियों को दबोचने में कामयाबी हासिल की। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे अभियान के दौरान थाना खरगापुर, चंदेरा, टीकमगढ़ कोतवाली सहित अनेक थानान्तर्गत पुलिस ने कामयाबी हासिल की है। बताया गया है कि जिलान्तर्गत चौकी देरी थाना खरगापुर पुलिस द्वारा 10 हजार के ईनामी आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया था। बताया गया है कि आरोपी पिछले 06 वर्ष से घटना दिनांक से फ रार चल रहा है। पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम एएसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में फरार इनामी आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया जा रहा है। इसी




तारतम्य में चौकी देरी थाना खरगापुर पुलिस द्वारा 13 दिसम्बर 24 को मुखबिर सूचना पर दबिश देकर न्यायालय टीकमगढ़ के प्रकरण 80/21 धारा 392 ताहि में फ रार स्थाई वारंटी एवं प्रकरण 96/18 धारा 363, 366 ता हि 5/6 पॉस्को एक्ट में फ रार 10 हजार के ईनामी स्थाई वारंटी संजय उर्फ संजू पिता लालाराम अहिरवार उम्र 26 साल निवासी ग्राम कुड़ीला थाना कुड़ीला को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। उक्त आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ द्वारा 10 हजार की ईनाम उद्घोषणा की गई थी। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक चन्दन शाक्य, प्रधान आरक्षक घनश्याम खटीक, आरक्षक अवनीस यादव, दीपक अहिरवार, ललित कुशवाहा, रामकेश पटेल, धर्मेंद्र साहू की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

भारतीय जनता पार्टी के पलेरा मंडल अध्यक्ष **पवन संज्ञा** को बनाए जाने पर




बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं



**पवन संज्ञा**
मंडल अध्यक्ष पलेरा



**संजय अहिरवार (संजू बाबा)**
हरिजन मोर्चा मंडल अध्यक्ष एवं जन भागीदारी अध्यक्ष महाविद्यालय पलेरा

# ग्राम पंचायत मनोर में वृक्षा रोपण तथा प्लान्टेशन के नाम पर लाखो का घोटाला




ऋषि मिश्रा

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत मनौर में सरपंच, सचिव, उपयंत्री द्वारा प्लाटेशन लगाने एवं वृक्षा रोपण करने के नाम पर लाखो का घोटाला किया गया है। जबकी ग्राम पंचायत क्षेत्र के जिन स्थानो पर प्लांटेशन एवं वृक्षा रोपण का कार्य दर्शाया गया है, उक्त स्थान पर न तो वृक्षा रोपण किया गया है, और न ही प्लाटेंशन कार्य कराया गया है। जबकी वृक्ष खरीदी एवं मजदूरो की मजदूरी के नाम पर लाखा रूपये खर्च करना दर्शाया गया है, इसी प्रकार मटेरियल खरीदी के नाम पर प्लांटेशन बनाने के लिए लाखो रूपये के फर्जी बिल बाउचर लगाकर राशि का आहरण किया गया है। ज्ञात हो कि पन्ना जनपद पंचायत अन्तर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतो में इसी प्रकार का फर्जीवाड़ा चल रहा है, कागजो में मजदूरो की मजदूरी एवं मटेरियल की राशि दर्शाकर राशि आहरित कर ली जाती है, जबकी जमीनी स्तर पर कोई कार्य नहीं किया जाता है, ज्ञात हो कि संबंधित ग्राम पंचायत में एक वित्तीय वर्ष मे मनरेगा योजना के तहत 90 लाख से अधिक के कार्य दर्शाये गये है। जबकी संबंधित ग्राम पंचायत का निरीक्षण करने पर जो निर्माण तथा विकास कार्य दर्शाये गये है, वह किये ही नहीं गये सिर्फ बिल बाउचर बनाकर राशि आहरित कर ली गई है। संबंधित ग्राम पंचायत के लोगो ने ग्राम पंचायत क्षेत्र में कराये गये निर्माण कार्यो की वृक्षा रोपण, प्लांटेशन के कार्यो की जांच कराकर कार्यवाही करने की मांग की गई है। ज्ञात हो कि वृक्षा रोपण एवं प्लांटेशन के कार्य एक मात्र उदाहरण है, इसके अलावा जो अन्य कार्य मनौरा ग्राम पंचायत में दर्शाये गये है तथा मजदूरी एवं मटेरियल के बिल बाउचर लगाये गये है, उक्त कार्य भी नहीं किये गये है, जिनका खुलाशा अंगले अंक मे किया जायेगा।

# अयोध्या के संत राम लला सरकार ने किया पन्ना का भ्रमण

## बताया 2028 के बाद पन्ना जिले का भविष्य होगा उज्जवल

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/देश के प्रमुख भविष्यवक्ताओं में गिने जाने वाले चमत्कारी संत अयोध्या के संत राम लला सरकार भारत को हिंदू राष्ट्र बनाने, देश के सभी बूचड़खाने बंद करवा कर गाय को राष्ट्र माता घोषित करवाने, के उद्देश्य के तहत देश के प्रमुख धार्मिक स्थलों में विशेष अनुष्ठान का संकल्प लेकर भ्रमण कर रहें है। जिन्होंने पन्ना पहुंचकर भगवान श्री जुगल किशोर के दर्शन उपरांत सकरिया के पास जंगल में झारखंडन माता मंदिर प्रांगण में विशेष अनुष्ठान शुरू किया है। उन्होने जाति धर्म के भेदभाव व नफरत को देश दुनिया के लिए घातक बताया है। उन्होने आज स्थानीय पंचम सिंह चौराहा स्थित स्थान पर पत्रकारों से मुलाकात की तथा विभिन्न धार्मिक मुद्दो पर विस्तार से चर्चा की। उन्होने बताया कि सनातन धर्म अभेद है, साक्षात भगवान विष्णु का अंश है इसे कभी मिटाया नहीं जा सकता, सभी मनुष्य ईश्वर की संतान हैं इसके बावजूद कुछ लोगों के द्वारा निजी स्वार्थों के चलते जाति और धर्म के नाम पर नफरत फैलाने का काम किया जा रहा है जो गलत है। आगे कहा कि जब ईश्वर ने किसी से भेद नहीं किया प्रकृति किसी से भेद नहीं करती अग्नि, सूर्य, जल, वायु किसी के साथ भेदभाव नहीं करते तो जाति धर्म के नाम पर इंसानों को भी भेदभाव



और नफरत नहीं करना चाहिए। जाति- धर्म के नाम पर भेदभाव एवं नफरत देश दुनिया के लिए घातक है। उन्होने आंगे कहा कि भारत देश शांतिपूर्ण ढंग से हिंदू राष्ट्र बनेगा अहिंसा को अपनाते हुए देश के सभी बूचड़खाने बंद करवा देना चाहीए तथा गाय को राष्ट्र माता घोषित किया जाना चाहीए। जिसके लिए वह लगातार प्रयास कर रहे हैं, इसमें सभी देशवासियों की सहभागिता जरूरी है उन्होंने आगे कहा कि भारत को विश्व गुरु बनाने के लिए कड़े प्रयासों की आवश्यकता है, क्योंकि भारत विश्व गुरु तभी बनेगा जब दुनिया उसे अपने गुरु के रूप में स्वीकार करेगी। उन्होंने राजनेताओं के लिए कहा कि मानव कल्याण व राष्ट्र कल्याण के लिए काम करना नेता का धर्म है, बदले की भावना से या अपने स्वार्थ के लिए दूसरों को सताने या कष्ट देने वाला नेता बनने योग्य नहीं होता। वर्तमान में कुछ साधु संतों के उग्र व्यवहार पर कहा कि साधु को उग्र नहीं होना चाहिए यह सही नहीं है। उन्होने आंगे पन्ना के विकास के बारे में भविष्यवाणी करते हुए कहा कि पन्ना जिला साधूसंतो की तपोस्थली रहा है, यह ऋषि और मुनियों की भूमि है यहां के नेताओं को पन्ना के उत्थान के लिए विचार करना चाहिए 2028 के बाद पन्ना का भविष्य उज्जवल होगा देश दुनिया में प्रतिष्ठा बढ़ेगी रोजगार के नए साधन एवं तमाम संसाधन आएंगे। मस्जिदों के नीचे मंदिर निकालने के मामले पर बताया कि यह सत्य है जो अब सामने आ रहा है, इसे दूसरे समुदाय को स्वीकार करना चाहिए और बिना किसी विवाद के सत्य को स्वीकार कर निपटारा करना चाहिए।

# कराटे बेल्ट परीक्षा सम्पन्न, आठ खिलाड़ी उत्तीर्ण

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/ट्रेनिंग एकेडमी पन्ना और शॉटोण्काई कराटे एसोसिएशन पन्ना द्वारा 13 से 15 दिसम्बर 2024 तक कराटे बेल्ट परीक्षा का आयोजन किया गया। इस आयोजन का नेतृत्व मुख्य प्रशिक्षक इरफान खान ने किया, जिसमें पन्ना जिले के विभिन्न कराते खिलाड़ियों ने भाग लिया। उक्त कराटे परीक्षा में कुल आठ खिलाड़ी उत्तीर्ण हुए, जिन्हें येलो बेल्ट, ब्ल्यू बेल्ट, ऑरेंज बेल्ट और ब्राउन बेल्ट से सम्मानित किया गया। उत्तीर्ण खिलाड़ी: येलो बेल्ट: विराज शर्मा, धन लक्ष्मी कोल, अन्वेषा दुबे, कुँवर पद्मनाभ सिंह परमार, श्रावणी बिड़ला, ब्ल्यू बेल्ट: मनीष विश्वकर्मा), ऑरेंज बेल्ट: राखी कोल, ब्राउन बेल्ट: हिरण चौधरी आदि। परीक्षा के दौरान मुख्य प्रशिक्षक इरफान खान के साथ सहायक प्रशिक्षक सेंसेई हर्षिता विश्वकर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे, जिनमें संरक्षक पहलवान सिंह, नईम खान (संचालक, चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल पन्ना), कृष्ण कुमार श्रीवास्तव (अध्यक्ष, जिला शॉटो काई कराटे संघ पन्ना), महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा (अध्यक्ष, जिला वुशू संघ पन्ना), लॉरेंस एट्स (अध्यक्ष, जिला जु-जित्सु संघ पन्ना), सैफ उल्ला (संचालक, पन्ना हेल्थ क्लब) और शमीम सिद्दीकी ब्लू स्काई नेशनल पब्लिक स्कूल शामिल थे।



# अवैध शराब परिवहन करने वाला वाहन होगा राजसात

दयाशंकर दीक्षित

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/कलेक्टर न्यायालय द्वारा अवैध शराब के परिवहन पर बुलेरो वाहन क्रमांक यूपी 93 एके 6118 को राजसात करने का आदेश पारित किया गया है। कलेक्टर सुरेश कुमार ने पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन पर म.प्र. आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 47 के तहत वाहन को राजसात करने का आदेश दिया है। साथ ही आबकारी अधिकारी एवं थाना प्रभारी अमानगंज को राजसात बुलेरो वाहन तथा जप्तशुदा शराब के संबंध में विधिक प्रावधान व नियमों के तहत आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। विदित हो कि गत 9 नवम्बर 2023 को थाना प्रभारी अमानगंज द्वारा मुखबिर की सूचना पर बुलेरो वाहन से 5 पेटी गोवा विस्की अंग्रेजी शराब एवं 5 पेटी देशी प्लेन कुल 90 लीटर शराब का अवैध परिवहन करते हुए पाया गया। इस पर वाहन व 45 हजार रूपए कीमत की शराब को जप्त कर आरोपीगण बब्बी उर्फ धरमदास रैकवार निवासी जैन मोहल्ला गुनौर, विपिन राय निवासी हीरापुर थाना कुड़ीला जिला टीकमगढ़ और राहुल राय निवासी राजगढ़ थाना प्रेमनगर जिला झांसी के विरूद्ध अपराध क्रमांक 477/23 धारा 34 (2), 42 आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की गई। वाहन मालिक जादेल सिंह निवासी ग्राम गुढ़ा पोस्ट शाहपुरा तहसील गरौठा जिला झांसी सहित आरोपीगण को सुनवाई का अवसर भी प्रदान किया गया था। लेकिन गंभीर मामला होने के चलते संबंधित आरोपीयों पर कार्यवाही करते हुए वाहन को राजसात करने का आदेश पारित किया गया है।

# पुराने प्रेमी को प्रेमिका ने वर्तमान प्रेमी के साथ उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

परिहार गर्जना न्यूज। पन्ना/विगत दस दिसम्बर को देवेन्द्र नगर थाना अन्तर्गत बड़ागांव के पास गहरा नाला में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मृत अवस्था में मोटर साईकिल सहित पाया गया था, जिसकी सूचना बड़ागांव के चौकीदार दद्दू भईया दहायत नें थाना प्रभारी देवेन्द्र नगर को दी गई थी। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक रामहर्ष सोनकर द्वारा तत्काल पुलिस टीम के साथ मिलकर चौकीदार बड़ागाँव द्वारा बताये गये स्थान पर पहुँचकर देखा गया तो मौके पर पुलिस टीम को एक अज्ञात व्यक्ति मृत हालत में पड़ा मिला। शव के पास में ही एक मोटर साइकिल वाहन खड़ी मिली थी। जिसके माध्यम से पुलिस द्वारा मृतक की पहचान ध्रुव सिंह उर्फ गोलू निवासी आमा थाना सिंहपुर के रूप में की गई। मामले में पुलिस टीम द्वारा थाना देवेन्द्रनगर में मर्ग क्रमांक 51/24 कायम किया जाकर जाँच में लिया गया। तत्पश्चात् थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर द्वारा मामले की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा मामले को गंभीरता से लिया गया। पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार घटना स्थल के निरीक्षण हेतु एफ.एस.एल. टीम एवं डॉग स्कावयड टीम घटना स्थल पहुँची तथा घटना स्थल एवं शव के निरीक्षण उपरान्त शव का पोस्टमार्टम कराया गया। घटना स्थल पर मिले साक्ष्य एवं पी.एम. रिपोर्ट के अनुसार मामला हत्या का प्रतीत होने से मामले में अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध हत्या का अप.क्र. 569/24 कायम किया जाकर विवेचना में लिया गया। मामले में पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर द्वारा पुलिस टीम का गठन किया गया। उक्त गठित पुलिस टीम द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार मामले के अज्ञात आरोपियों की तलाश पतारसी हेतु लगातार प्रयास किये गये। पुलिस टीम द्वारा कस्बा देवेन्द्रनगर में लगे सी. सी. टी.व्ही. कैमरो के फुटेज चेक किया जाने पर मृतक व्यक्ति दिनांक 09/12/24 को दोपहर के समय बस स्टैण्ड देवेन्द्रनगर के आसपास एक लड़की को अपनी मोटर साइकिल में बिठाये हुये घटना स्थल तरफ जाते हुये देखा गया। पुलिस टीम द्वारा उक्त लड़की के संबंध में जानकारी प्राप्त किये जाने पर पता चला कि उक्त लड़की ग्राम बिरवाही की रहने वाली है। जो दिनांक 09/12/24 को देवेन्द्रनगर कॉलेज में पेपर देने आई थी। पुलिस टीम द्वारा देवेन्द्रनगर कॉलेज पहुँचकर लड़की के संबंध में जानकारी ली गई तो पता चला कि लड़की दिनांक 09/12/24 को सौरभ द्विवेदी निवासी बड़ागाँव के साथ कॉलेज से वापस गई थी। पुलिस टीम द्वारा दिनांक 15/12/24 को मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम बड़ागाँव से सौरभ द्विवेदी एवं उक्त लड़की को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। पुलिस टीम द्वारा दोनो लोगो से नाम पता पूँछे जाने के बाद घटना के संबंध में पूँछताछ किये जाने पर उक्त दोनो संदेहियों द्वारा बताया गया कि मृतक एवं लड़की का पूर्व में प्रेम प्रसंग था। लेकिन वर्तमान में लड़की सौरभ द्विवेदी से प्रेम संबंध में थी। पूर्व प्रेमी लगातार लड़की को फोन पर बातचीत करने के लिये कह रहा था इसी बात से नाराज होकर लड़की ने अपने वर्तमान प्रेमी के साथ मिलकर पूर्व प्रेमी को मारने की साजिश रची थी। घटना दिनांक 09/12/24 को लड़की द्वारा अपने पूर्व प्रेमी ध्रुव सिंह उर्फ गोलू को फोन करके देवेन्द्रनगर बुलाया था इसके बाद उसे गहरा नाला जंगल बड़ागाँव तरफ ले जाकर अपने वर्तमान प्रेमी सौरभ द्विवेदी के साथ मिलकर कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। उक्त मामले मे पुलिस नें दोनो आरोपी सौरभ द्विवेदी पिता राधिका प्रसाद द्विवेदी उम्र 23 वर्ष निवासी बड़ागाँव थाना देवेन्द्रनगर जिला पन्ना एवं लड़की राजेश्वरी उर्फ कीर्ती शर्मा उम्र 21 वर्ष निवासी बिरवाही थाना देवेन्द्रनगर जिला - पन्ना को गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त आरोपीयों के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी भी बरामद करते हुए दोनो को जेल भेज दिया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी देवेन्द्रनगर निरीक्षक सहित चौकी प्रभारी रतीराम प्रजापति, सायबर सेल प्रभारी उनि अनिल सिंह राजपूत, प्र.आर. धीरेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, वीरनायारण सिंह, आदित्य कुशवाहा, बाबूलाल प्रजापति, आर. संजय बघेल, दिलीप शर्मा, अमर सिंह, भरत पाण्डेय, राहुल अहिरवार महिला आर. प्रियंका सिंह, कुन्ती प्रजापति, अंशिका सिंह एवं साईबर सेल पन्ना से प्र.आर. राहुल बघेल, आशीष अवस्थी, धर्मेन्द्र सिंह राजावत, आर. राहुल पाण्डेय एवं नितिन नवराज का सराहनीय योगदान रहा।

# संस्कृति मंत्री ने फीता काटकर शुभारंभ किया नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट





**राजकुमार दुबे**

परिहार गर्जना न्यूज। नोहटा। खेलो और जीतो विधानसभा के अंतर्गत नगर के उप तहसील ग्राउंड परिसर में नाइट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के शुभारंभ में मध्य प्रदेश शासन के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं उनके अनुज सत्येंद्र सिंह लोधी के द्वारा ग्राउंड पर फीता काटकर वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। इसके बाद सामूहिक राष्ट्रगान का आयोजन किया गया। प्रत्येक टीमों के खिलाड़ियों से राज्य मंत्री धनवंत सिंह लोधी के द्वारा परिचय किया गया। इसके बाद मैच प्रारंभ हुआ।

जिसमें क्रॉस मैच के दौरान प्रथम मैच बालाजी क्लब नोहटा एवं स्टार क्लब चोपरा और दूसरा मैच सदर वॉलीबॉल टीम एवं स्टार क्लब चोपरा एवं तृतीय मैच बालाजी क्लब और सदर टीम के बीच खेला गया। इस कार्यक्रम को देखने के लिए लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। आयोजन समिति के द्वारा परिसर में अलाव की व्यवस्था भी की गई। गौरतलब हो की नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के बाद या दूसरा आयोजन है। जो विधानसभा स्तरीय रखा गया है। इसमें समस्त विधानसभा की 24 टीम में सम्मिलित की गई है। कार्यक्रम के संरक्षक नितेंद्र सिंह लोधी ने बताया कि खेलो विधानसभा के अंतर्गत यह कार्यक्रम किया जा रहे हैं जिसमें विधानसभा में छुपी हुई प्रतिभाओं को अपना जौहर दिखाने का संपूर्ण अवसर मिलेगा। एवं चुनी हुई चुनिंदा टीम और एवं खिलाड़ियों को उच्च स्तर पर जौहर दिखाने का अवसर प्राप्त होगा। यह कार्यक्रम 14 दिसंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा एवं इसका फाइनल मुकाबला 20 तारीख को होगा।

# नगर में बीटो शुगर क्लिनिक का हुआ शुभारंभ

## विधायक अनिल जैन ने किया शुभारंभ, डॉ आशीष बडोनिया को बताया भरोसे का दूसरा नाम



परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। जिला मुख्यालय पर आज डायबिटीज की बीमारी का डिजिटल प्लेटफॉर्म पर इलाज की सुविधा प्राप्त करने के लिए बीटो शुगर क्लिनिक का शुभारंभ विधायक अनिल जैन के द्वारा फिता काटकर किया गया। डॉ आशीष बडोनिया एवं श्रीमती आस्था बडोनिया के द्वारा संचालित खेरापति सरकार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में वीटो शुगर क्लिनिक का शुभारंभ करने पहुंचे विधायक अनिल जैन जनपद अध्यक्ष श्रीमती निरंजना जैन का डॉ आशीष बडोनिया श्रीमती आस्था बडोनिया एवं अन्य चिकित्सकों के द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर डायबिटीज विशेषज्ञ डॉ नवनीत अग्रवाल के द्वारा वीटो शुगर क्लिनिक के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि डायबिटीज बीमारी के संबंध में डॉक्टर परामर्श जांच एवं दबा सहित संपूर्ण जानकारी प्राप्त करने के लिए वीटो एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया गया है जिस पर डायबिटीज के मरीज को सभी सुविधाएं घर बैठे प्राप्त होती हैं। इस अवसर पर वीटो शुगर क्लिनिक का शुभारंभ करने पहुंचे विधायक अनिल जैन ने वीटो शुगर क्लिनिक की टीम सहित खेरापति सरकार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के डॉ आशीष बडोनिया सहित सभी चिकित्सकों को डायबिटीज बीमारी के इलाज के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किये जाने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहां कि जब छोटा सा नगर जिला बन सकता है तो इस छोटे से जिले में वीटो शुगर क्लिनिक का शुभारंभ हम सबके लिए एक बड़ी उपलब्धि रहेगी इसके साथ-साथ विधायक श्री जैन ने कहा कि कोरोना काल में डॉ आशीष बडोनिया ने तन मन धन के साथ मरीजों की सेवा की है और चिकित्सा के क्षेत्र में अपना एक मुकाम बनाया है। विधायक श्री जैन ने कहा कि खेरापति सरकार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं डॉ आशीष बडोनिया हमारे जिले में भरोसे का दूसरा नाम है जिनके द्वारा हमारे क्षेत्र के मरीजों को सभी सुविधाओं के साथ मरीज का इलाज किया जा रहा है। इस अवसर पर वीटो शुगर क्लिनिक के सीईओ गौतम चोपड़ा यश सहगल सहित अन्य चिकित्सको के साथ-साथ श्रीमती रजनी राय नगर परिषद के अध्यक्ष गुलाब अहिरवार उपाध्यक्ष सत्यदेव तिवारी डॉ नंदकिशोर नापित महेंद्र दांगी दिनेश दुबे रमेश खंगार सहित नगर के कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वीटो सूगर क्लिनिक के शुभारंभ पर डायबिटीज के मरीजों की निशुल्क जांच की गई तथा अन्य सुविधाएं भी खेरापति सरकार मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम के समापन पर डॉ आशीष बडोनिया के द्वारा सभी आगंतुक अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया कार्यक्रम का संचालन धीरेंद्र गुप्ता के द्वारा किया गया।

# किसान भाई टोल फ्री कॉल सेंटर नं.-18004200100 के माध्यम से एवं जे-फॉम एमपी के 18002084242 के माध्यम से उपकरण की बुकिंग सुनिश्चित कर सकते हैं

## फार्मर-डे पर कलेक्टर कार्यालय में होगा कार्यक्रम आयोजित

परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 15 दिसम्बर। जे-फॉम महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश स्टेट के स्टेट प्रमुख संजय अहिरवार ने जिले के किसान भाईयों से कहा है मैं महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश को लीड कर रहा हूँ। जे-फॉम सर्विसेज के बारे में कृषक बंधुओं को बताना चाहूंगा कि जे-फॉम सर्विस क्या है, किस तरीके से किसान इसका लाभ ले सकते हैं और जो कृषक साथी जिनके पास ट्रैक्टर और फार्म इम्प्लिमेंट है वो कैसे जे-फॉम सर्विस के साथ में काम करके अपने रेंटिंग बिज़नेस को बड़ा सकते हैं। उन्होंने कहा जे-फॉम एक मोबाइल ऐप्लिकेशन है, जे-फॉम सर्विसेज, जिसके माध्यम से आप अपने कृषि उपकरण को ऐड कर सकते हैं, अपने ट्रैक्टर्स और जो भी आपके पास कृषि मशीनरी है, उसको आप अपने खुद के मोबाइल ऐप्लिकेशन से भी एनरोल कर सकते है। साथ ही साथ इस एप के अंदर आपको मंडी के भाव भी देखने को मिल जाते है।

उन्होंने कहा जो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनियां है, जो किसान उत्पादक संगठन है उनके लिए भी हम एक डिजिटली एफ.पी.ओ. कार्नर फीचर्स अपडेट करके देते हैं, जिसके माध्यम से कोई भी किसान उत्पादक संगठन अपने उत्पाद को या जो भी कमोडिटीज है उसको वो अमेज़ॅन, फ्लिपकार्ट की तरह एड ऑन कर सकते है और उनका मार्केटिंग डेमॉन्स्ट्रेशन भी कर सकते है। साथ ही उसमें एक डेशबोर्ड फीचर्स भी मिलता है जिसके माध्यम से वह सारी चीजों को देख सकते हैं कि क्या हमने सेल आउट किया, क्या परचेज किया और ब्रॉडकास्टिंग फीचर भी साथियों को बहुत मददगार होगा, जिसके माध्यम से कोई भी किसान उत्पादक संगठन अपनी महिने की मीटिंग के बारे में, प्रोडक्ट्स के बारे में, डिस्काउंट के बारे में भी जानकारियां जे-फॉम सर्विस का एक ब्रॉडकास्ट फीचर्स का यूज़ करके उसका लाभ लेकर किसी भी कृषक साथी को लोकल भाषा में मैसेज टाइप करके सिंगल क्लिक में ब्लास्ट कर सकते हैं और जो कस्टमैज़ सेंटर ओनर हैं, जिन्होंने सीएससी ली है, वो अपने आप को जे-फॉम सर्विस पे ऑन बोर्ड करके अपने रेंटिंग बिज़नेस मॉडल को बढ़ा सकते हैं। जो भी कृषक साथी जिनके पास कृषक उपकरण नहीं है वह अगर किराये पर उपकरण बुक करना चाहते हैं वह अपने जे-फॉम सर्विस मोबाइल ऐप्लिकेशॅन पर जाए या एमपी किसान ?प को खोले वहाँ पर यंत्र बुक करने का एक ऑप्शन दिखेगा, वहाँ से आप कृषि उपकरण को बुक कर सकते है और आपको 24 घंटे के अंदर एक ट्रैक्टर ओनर असाइन कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा जिन कृषक साथियों के पास डिजिटल मोबाइल या एन्ड्रॉइड मोबाइल नहीं है, वह टोल फ्री कॉल सेंटर नंबर 18004200100 के माध्यम से भी अपने उपकरण की बुकिंग सुनिश्चित कर सकते है। जे-फॉम एमपी के माध्यम से भी कर सकते है 18002084242 के माध्यम से भी कर सकते है।

उन्होंने कहा हाल ही में एक स्पेशल दिन है फार्मर डे, उस दिन हम चाहते है की सारे किसान साथियों को जे-फॉम सर्विस के बारे में ट्रेनिंग प्रोवाइड करें और आप लोगों को कुछ डेमॉन्स्ट्रेशन या पी.ओ.पी. मटेरियल भी प्रोवाइड करें, जिसके लिए कलेक्ट्रेट कार्यालय में 23 दिसम्बर को एक कार्यक्रम आयोजित कर रहे है। उन्होंने सभी कृषक साथियों से आग्रह करते हुये कहा है कि कार्यक्रम में भाग ले और जे-फॉम सर्विस की योजनाओं के बारे में भी समझे और अपने लिए पी.ओ.पी. मटेरियल भी लेकर जाये।

# सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से चलने वाले साप्ताहिक स्वच्छता अभियान अंतर्गत सिविल वार्ड क्रमांक 02 में श्रमदान कार्य किया गया



परिहार गर्जना न्यूज। दमोह 15 दिसम्बर। सामाजिक एवं स्वैच्छिक संस्थाओं के सहयोग से चलने वाले साप्ताहिक स्वच्छता अभियान का 28वां सप्ताह अंतर्गत शिवाजी स्कूल के सामने हनुमान जी मंदिर के पास सिविल वार्ड क्रमांक 02 में स्वच्छता हेतु श्रमदान किया गया।

इस दौरान कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, विभिन्न सामाजिक संगठन/विभिन्न क्षेत्र में कार्यरत सामजिक कार्यकर्तागण, जनप्रतिनिधिगण, वार्डवासी, वार्ड पार्षद ने श्रमदान कार्य मे सहभागिता निभाई।

श्रमदान कार्य उपरांत कलेक्टर श्री कोचर को वार्डवासियों ने अपनी बातें व समस्याओं से अवगत कराया। इस दौरान कलेक्टर ने वार्ड के विभिन्न मार्गों का जायजा लेकर सबन्धित अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# योगी का गौ सेवा आयोग बना शोपीस

## प्रदेश मै लगातार गौ माता की हो रही दुर्दशा

**आलोक तिवारी**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की हिंदूवादी जनता को बहुत उम्मीद थी। गौरक्षापीठाधीश्वर महंत योगी आदित्यनाथ सनातन की रक्षा के साथ-साथ गौ माता की भी रक्षा करेंगे और योगी आदित्यनाथ द्वारा इसके लिए प्रभावी कदम भी उठाए किन्तु उन पर तरीके से अमल नहीं हो रहा है। इसके लिए योगी सरकार पर विपक्ष सहित सनातन धर्म प्रेमी जनता उंगली उठा रहे है ।




योगी आदित्यनाथ ने अपने दूसरे कार्यकाल मै प्रदेश मै गौ माता की दशा सुधारने के लिए उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग का गठन किया। जिससे प्रदेश मै गौ माता की रक्षा हो सके इसके लिए अपने विश्वसनीय लोगों को गौ सेवा आयोग मै पद दिए पर उत्तर प्रदेश गौ सेवा आयोग के पदाधिकारी राज्यमंत्री के समान दर्जा प्राप्त कर अपने कार्यालयों मै ही समय बिताते रहे,और सरकारी सेवाओं का आनंद ले रहे हैं ।

प्रदेश मै सरकारी या गैर सरकारी गौ शाला मै क्या गतिविधि चल रही है या गौ माता की दशा के सुधार मै और क्या कदम प्रदेश सरकार उठाए जिससे गौ माता की दशा मै सुधार आए ऐसी कोई पहल गौ सेवा आयोग करता दिखाई नहीं अभी तक नहीं दे रहा है।

अगर कभी कभार गौ सेवा आयोग के पदाधिकारी गौ शाला गए होगे तो बता कर जिससे गौ शाला संचालकों को अपनी कमी छुपाने का अवसर मिल जाए, उसी का परिणाम है कि मथुरा जैसी तीर्थ नगरी में 40 से ऊपर गौ वंश के अवशेष प्राप्त हुए गौ रक्षक दल द्वारा मथुरा जिला प्रशासन से इस मामले की जांच कराने की मांग की है। जिलाधिकारी मौके पर आकर निरीक्षण करें इस मांग को मानने मैं मथुरा जिला प्रशासन को 5 घंटे लगे, जिलाधिकारी मौके पर पहुंचे उल्टा गौ रक्षकों को समझाने के उन्हें धमकाने लगे और बात करते करते बल प्रयोग कर गौ रक्षकों को खदेड़ दिया गया।

श्री कृष्ण की नगरी मैं इस तरह से गौ रक्षकों पर लाठी बरसाई गई उस पर एक भी गौ सेवा आयोग के पदाधिकारी ने अभी तक संज्ञान नहीं लिया।जो गौ सेवा आयोग से जुड़े लोगों के लिए बेहद शर्मनाक बात है।

# शिक्षा विभाग के जर्जर भवनों को गिराने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

**राजा खरे**

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। संपूर्ण जिले में शिक्षा विभाग के जर्जर अवस्था में पहुंचे 21 विद्यालयों के कक्ष एवं संपूर्ण भवन को डिस्मेंटल किए जाने की अनुमति कलेक्टर के द्वारा दी गई है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी किए गए आदेश में बताया गया कि जिला परियोजना समन्वयक के पत्र एवं कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग के प्रतिवेदन के आधार पर जिले के दुर्घटना संभावित जर्जर शासकीय शाला भवनों के निरीक्षण प्रतिवेदन एवं अनुशंसा के आधार पर जीर्णशीर्ण एवं जर्जर शासकीय शाला भवनों को जीर्णशीर्ण घोषित कर डिस्मेंटल किए जाने की अनुमति दी जाती है जिसके अनुसार शासकीय माध्यमिक शाला राजापुर के कक्ष क्रमांक 3 प्राथमिक शाला लड़बारी के कक्ष क्रमांक 3 प्राथमिक शाला कंधारी लिंक कक्ष क्रमांक एक प्राथमिक शाला मजरा कक्ष क्रमांक 2 प्राथमिक शाला दर्रेथा कक्ष क्रमांक 2 माध्यमिक शाला मुडेनी कक्ष क्रमांक 2 प्राथमिक शाला परदेवारा कक्ष क्रमांक 2 माध्यमिक शाला पनिहारी कक्ष क्रमांक 2 प्राथमिक शाला गरार का खिरक पृथ्वीपुर कक्ष क्रमांक 4 माध्यमिक शाला बिरोरा खेत कक्ष क्रमांक 2 प्राथमिक शाला घुरारा पृथ्वीपुर कक्ष क्रमांक 2 कन्या प्राथमिक शाला पठाराम कक्ष क्रमांक 2 प्राथमिक शाला हर्ष मऊ कक्ष क्रमांक एक किचिन कन्या माध्यमिक शाला जेरोन के संपूर्ण भवन शासकीय प्राथमिक शाला मजल का संपूर्ण भवन एवं जूनियर बेसिक स्कूल निवाड़ी के कक्ष क्रमांक एक किचिन शासकीय कन्या प्राथमिक शाला निवाड़ी के कक्ष क्रमांक 3 प्राथमिक शाला चंदवानी संपूर्ण भवन माध्यमिक शाला चकरपुर का संपूर्ण भवन प्राथमिक शाला जीजोरा का संपूर्ण भवन एवं प्राथमिक शाला मजरा कछार के संपूर्ण भवन को डिस्मेंटल किए जाने की अनुमति कलेक्टर के द्वारा दी गई है।




# नगरीय क्षेत्र में आज से लगेंगे शिविर शासन की योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को मिलेगा लाभ

परिहार गर्जना न्यूज। निवाड़ी। प्रदेश सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर संपूर्ण प्रदेश में चलाए जा रहे मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को देने के लिए शिविर लगाए जा रहे हैं इसी क्रम में निवाड़ी जिले में कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में दिनांक 11 दिसंबर से 26 जनवरी तक चलाए जा रहे मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत नगरीय क्षेत्र में आज दिनांक 16 दिसंबर से 18 जनवरी तक नगर के 15 वार्डों में शिविर लगाकर शासन की योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को दिया जाएगा। नगरीय क्षेत्र के लिए सेक्टर अधिकारी बनाए गए मुख्य नगर पालिका अधिकारी अरविंद कुमार तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री जन कल्याण अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 16 दिसंबर को मिलन चौराहा पर 18 दिसंबर को कबीर मंदिर 20 दिसंबर और 23 दिसंबर को मस्जिद के बगल में स्थित शंकर जी के मंदिर पर 25 दिसंबर को तहसील के पास 27 दिसंबर को आजादगंज बायपास रोड टावर के पास 30 दिसंबर को बड़ी माता मंदिर के पास तथा 2 जनवरी को पुरानी रेंज के पास 4 जनवरी को चौपाटी पर 7 जनवरी को नई बस्ती में 9 जनवरी को चिल्ड्रन पार्क 11 जनवरी को नगर परिषद कार्यालय प्रांगण में 13 जनवरी को चिल्ड्रन पार्क 16 जनवरी को प्राथमिक पाठशाला हर्ष मऊ के पास एवं 18 जनवरी को लक्ष्मणपुरा मंदिर के पास शिविर लगाए जाएंगे और इन शिविर में सभी वार्डों के पात्र हितग्राहियों को शासन द्वारा संचालित की जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जाएगा।

# जीएलए का 13वां दीक्षांत समारोह 17 को

**- जीएलए के 13वें दीक्षांत समारोह में 4039 विद्यार्थियों को प्रदान की जाएंगी उपाधियां**

**- जीएलए के 13वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि एनईटीएफ, एनएएसी, एनबीए के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे व विशिष्ट अतिथि परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड के अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला होंगे**

**- जीएलए विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह में 19 गोल्ड और 19 सिल्वर मेडलिस्ट छात्र होंगे सम्मानित**

परिहार गर्जना न्यूज। मथुरा। जीएलए विश्वविद्यालय, मथुरा का 13वां दीक्षांत समारोह 17 दिसंबर मंगलवार को मनाया जाएगा। समारोह में वर्ष 2024 में विभिन्न पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की जाएंगी।



कुलपति प्रो. फाल्गुनी गुप्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय स्थित विशाल ऑडीटोरियम में होने वाले इस समारोह में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच (एनईटीएफ), कार्यकारी समिति राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) एवं राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे द्वारा वर्ष 2024 में आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों के सफल विद्यार्थियों को 19 गोल्ड मेडल, 19 सिल्वर मेडल और 4039 उपाधियां प्रदान करेंगे। साथ ही बीएससी ऑनर्स बायोटेक, बीएससी ऑनर्स केमिस्ट्री, बीए ऑनर्स अंग्रेजी, बीबीए फैमिली बिजनेस, बीकॉम ऑनर्स ग्लोबल एकाउंटिंग, बीटेक बायोटेक, बीटेक बायोटेक, बीटेक सीएस सीसीवी, डीए, सीएसएफ, आइआइओटी, बीसीए ऑनर्स, बीकॉम ऑनर्स एलएलबी, एमएससी बायोटेक्नोलॉजी, एमएससी माइकोबायोलॉजी एंड इम्यूनोलॉजी, एमएससी केमिस्ट्री, एमफार्म फार्माकोलॉजी, डिप्लोमा फार्मेसी सहित पॉलीटेक्निक (डिप्लोमा) के 24 विद्यार्थियों को मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे।

उन्होंने आगे बताया कि जीएलए विश्वविद्यालय से वर्ष 2024 में पीएचडी के 85, बीएससी ऑनर्स एग्रीकल्चर 105, बीएससी ऑनर्स बायोटेक के 31, बीएससी ऑनर्स कैमिस्ट्री के 18, बीएससी ऑनर्स फिजिक्स के 9, बीए ऑनर्स इकॉनोमिक्स के 5, बीए ऑनर्स अंग्रेजी के 20, बीबीए के 175, बीबीए ऑनर्स 123, बीबीए फैमिली बिजनेस 23, बीकॉम ऑनर्स ग्लोबल एकाउंटिंग 19, बीकॉम ऑनर्स 92, बीटेक बायोटेक्नोलॉजी 18, बीटेक सिविल इंजीनियरिंग 32, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग 29, इलेक्ट्रॉनिक्स 5, मैकेनिकल इंजीनियरिंग 52, बीटेक एमई एसएम 6, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजी. 40, कम्प्यूटर साइंस के 794, बीटेक सीएस एआईएमएल 140, बीटेक सीएस सीसीवी 24, बीटेक सीएस डीए 24, बीटेक सीएस सीएसएफ 24, बीटेक सीएस आइओटी 12, बीसीए 277, बीफार्म 81, बीएड 30, बीए एलएलबी ऑनर्स 32, बीकॉम एलएलबी ऑनर्स 14, एमएससी एग्रीकल्चर एग्रोनॉमी 4, एमएससी एग्रीकल्चर जीपीबी 1, एमएससी बायोटेक 14, एमएससी माइको एंड इम्यूनोलॉजी 14. एमएससी कैमिस्ट्री 11. एमएससी फिजिक्स 6, एमटेक सीई ट्रांसपोर्टेशन 1, एमटेक सीई स्ट्रक्चरल 3, एमटेक सीएस 5, एमटेक ईई 1, एमटेक ईसी 2, एमटेक एमई प्रोडक्शन 1, एमबीए 539, एमबीए ऑनर्स 38, एमबीए कंस्ट्रक्शन 4. एमबीए एफएमबी 54, एमबीए इंटेग्रेटेड 5, एमबीए एलएससीएम 20, एमसीए 239, एमफार्म फार्माकोलॉजी 13, एमफार्म फार्मास्यूटिक्स 15, एलएलएम सीडीपीएल के 7 विद्यार्थियों की उपाधि अनुमोदित की गई है। इसके अलावा डिप्लोमा कैमिकल के 13. डिप्लोमा सिविल इंजी. के 28, डिप्लोमा सीएस के 76, डिप्लोमा ईई 59, डिप्लोमा ईसी के 13, डिप्लोमा एमई के 97, पीजीडीएम के 24 तथा डिप्लोमा इन फार्मेसी के 54 विद्यार्थियों को डिप्लोमा सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे।

कुलपति ने बताया कि उपाधियों और स्वर्ण पदक प्रदान करने के बाद विशिष्ट अतिथि परमाणु ऊर्जा नियामक बोर्ड के अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला संबोधन देंगे। तत्पश्चात मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच (एनईटीएफ), कार्यकारी समिति राष्ट्रीय मूल्यांकन और प्रत्यायन परिषद (नैक) एवं राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एनबीए) के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे दीक्षांत भाषण देंगे। दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल करेंगे।

***शैक्षिक शोभायात्रा से होगी दीक्षांत समारोह की शुरूआत***

दीक्षांत समारोह के कार्यक्रम की रूपरेखा के बारे में कुलसचिव अशोक कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत शैक्षिक शोभायात्रा के आगमन, दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना से होगी। तत्पश्चात् कुलाधिपति नारायण दास अग्रवाल द्वारा दीक्षांत समारोह के प्रारम्भ की उद्घोषणा, कुलपति द्वारा विश्वविद्यालय की प्रगति प्रतिवेदन, मानद उपाधि प्रदान करना, उपाधि प्रमाण पत्र वितरण, शपथ ग्रहण, पदक वितरण, मुख्य अतिथि द्वारा दीक्षांत सम्बोधन, धन्यवाद ज्ञापन, कुलाधिपति द्वारा दीक्षांत समारोह के समापन की उद्घोषणा, राष्ट्रीयगान एवं शैक्षिक शोभायात्रा का प्रस्थान होगा।

# अब पुलिस के निशाने पर हथियार और कारतूसों के स्रोत

## सीएसपी ने की लायसेंसी दुकानों के स्टॉक रजिस्टर की जांच





छतरपुर। जिले में बढ़ रहे अपराध पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस का विशेष अभियान निरंतर जारी है। एक ओर जहां सभी थाना, चौकी प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र के अपराधियों को दबोचने में लगे हैं, तो वहीं दूसरी ओर पुलिस अधिकारी हथियारों और कारतूसों के विक्रेताओं का पता लगाने का कार्य कर रहे हैं। इसी क्रम में बीती शाम जिला मुख्यालय पर लाइसेंसी शस्त्र दुकानों का निरीक्षण कर स्टॉक रजिस्टर की जांच की गई है।

सीएसपी अमन मिश्रा ने बताया कि पिछले 5 दिनों में पूरे जिले में 70 से अधिक अपराधियों को अवैध हथियारों के साथ पकड़कर जेल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के साथ-साथ पुलिस हथियार और कारतूसों के स्रोत का भी पता लगाने का प्रयास कर रही है। श्री मिश्रा के मुताबिक शनिवार की शाम को शहर में संचालित लाइसेंसी शस्त्र दुकानों की जांच की गई। इस दौरान स्टॉक रजिस्टरों का बारीकी से अवलोकन किया गया। उनके साथ कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर के अलावा अन्य पुलिस अमला मौजूद रहा।

***अवैध रिवॉल्वर के साथ आरोपी पकड़ा***

नौगांव पुलिस ने बीती रात रोड पेट्रोलिंग के दौरान अवैध रिवाल्वर के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। थान प्रभारी सतीश सिंह ने बताया कि लुगासी चौकी क्षेत्र के लुगासी-झींझन मार्ग पर संदेही दिखाई दिया था, जो पुलिस को देखकर खेतों की ओर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ा और तलाशी ली तो उसके पास अवैध रिवॉल्वर और कारतूस मिला। पकड़े गए आरोपी रोहित विश्वकर्मा निवासी झींझन ने बताया कि उक्त हथियार उसने गांव के ही बृजेंद्र यादव से लिया था। पुलिस बृजेंद्र यादव की तलाश में जुटी हुई है। दोनों के विरुद्ध आयुध अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# दूल्हे को दूध में नशीला पदार्थ खिलाया और रफूचक्कर हो गई लुटेरी दुल्हन

## करीब 12 लाख के जेवरात लेकर दुल्हन भागने में हुई कामयाब





नौगांव। थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुलवारा में एक दूल्हा लुटेरी दुल्हन का शिकार हो गया। हिंदु रीति-रिवाज से 13 दिसंबर को ही परिणय सूत्र में बांधकर जिस दुल्हन को दूल्हे राजा अपने घर लेकर आए थे वही रात में दूल्हे को दूध में नशीला पदार्थ मिलाकर लाखों के जेवरात लेकर चंपत हो गई। दूल्हे को जब होश आया तो उसने खुद को लुटा हुआ पाया।

जानकारी के मुताबिक कुलवारा निवासी अशोक कुमार रावत के बेटे राजदीप का विवाह नैगुवां निवासी सुकन पाठक के माध्यम से चरखारी उत्तरप्रदेश की खुशी तिवारी के साथ तय हुआ था। गत 13 दिसंबर को कुलवारा के मंदिर से विवाह संपन्न हुआ। बीती रात दुल्हन ने राजदीप को दूध में नशीला पदार्थ खिलाकर पिला दिया जिससे वह अचेतन अवस्था में पहुंच गया। इसके बाद मौका पाकर खुशी लगभग 12 लाख की संपत्ति लेकर रफूचक्कर हो गई। इस संपत्ति में सोने-चांदी के जेवरात के अलावा दूल्हे का मोबाइल भी शामिल है। दूल्हे के पिता अशोक रावत का कहना है कि सुकन पाठक पुत्र जुगराज पाठक ने उनके बेटे का विवाह तय कराया था। दूल्हन चरखारी में अपने परिवार के साथ किराए के घर में रहती है, ऐसी जानकारी उन्हें दी गई थी। चरखारी से ही लड़की को देखने की रस्म पूरी हुई और विवाह तय हो गया। ऐसा माना जा रहा है कि महिला अन्य लोगों के साथ मिलकर इस तरह का खेल, खेल रही है। पहले भी कई नौजवानों को शिकार बनाया गया होगा। पूरा परिवार गहरी नींद में सोता रहा और मौका पाकर दुल्हन के भेष में आई लुटेरी महिला संपत्ति लूटकर ले गई। पुलिस में मामले की शिकायत की गई है।

# बाइक स्टंट करने वालों पर है यातायात पुलिस की नजर



छतरपुर। पिछले दिनों यातायात पुलिस ने एडवायजरी जारी कर बाइक स्टंट करने वालों को चेतावनी दी थी, जिसके बाद अब पुलिस द्वारा बाइक स्टंट करने वाले युवाओं की निगरानी की जा रही है। यातायात प्रभारी बृहस्पति साकेत ने बताया कि गत रोज सोशल मीडिया के माध्यम से विजय विश्वकर्मा नामक युवक द्वारा स्टंट किए जाने का वीडियो मिला था, जिसके आधार पर उसके विरुद्ध कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि विजय विश्वकर्मा पर 2 हजार रुपए की चालानी कार्रवाई कर शुल्क वसूल किया गया है, साथ ही उसे तथा उसके परिजनों को समझाइश दी गई है। यातायात प्रभारी ने अपील की है कि यदि अन्य कोई व्यक्ति इस तरह से स्टंट बाजी करते दिखे तो आमजन विभाग के नंबर 7970031068 अथवा 7049101021 पर सूचना दें।

# पुरस्कार लक्ष्य नहीं, मानसिक विक्षिप्तों की सेवा जारी रहेगी

## मानसिक विक्षिप्तों के सेवक डॉ शर्मा ने मंदबुद्धि महिला को परिवार से मिलाया

छतरपुर। पिछले करीब 3 दशक से अधिक समय से मानसिक विक्षिप्तों की सेवा करने वाले डॉ संजय कुमार शर्मा को हाल ही में सामाजिक न्याय, दिव्यांग जन अधिकारिता मंत्रालय की ओर से सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति के राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। डॉ शर्मा लगातार मानसिक विक्षिप्तों की सेवा में लगे हैं। विगत रोज सूचना मिलते ही वे एक मंदबुद्धि महिला तक पहुंचे और उसे न केवल भोजन दिया बल्कि ठंड से बचाव के लिए कंबल उपलब्ध कराया। सुबह अस्पताल में इलाज दिलाने के बाद महिला को परिवार तक पहुंचाने की जिम्मेदारी श्री शर्मा ने निभाई।



डॉ संजय कुमार शर्मा बताते हैं कि उन्हें जानकारी मिली थी कि मोटे के महावीर मंदिर के पास एक महिला पिछले दो-तीन दिनों से रह रही है, वह मानसिक रूप से मंदबुद्धि है। चूंकि डॉ शर्मा लंबे समय से ऐसे लोगों की दशा सुधारने में लगे हैं इसलिए उन्होंने महिला के पास जाकर अपने स्तर से पूछताछ की तो उसने अपना नाम राजकुमारी अहिरवार निवासी हिम्मतपुरा बताया। महिला के इतना बताने के बाद डॉ शर्मा ने हिम्मतपुरा में उसका परिवार खोजने के प्रयास किए। अंततोगत्वा प्रयास सफल हुए और महिला के पति धन्नू अहिरवार तथा महिला की मां को जिला मुख्यालय बुलाने में कामयाबी मिल गई। छतरपुर आए धन्नू ने बताया कि उसकी 5 संतानें हैं, मौका पाकर उसकी पत्नी राजकुमारी घर से भाग जाती है। पत्नी का इलाज चल रहा है। धन्नू ने डॉ शर्मा को भरोसा दिया कि वह अब अपनी पत्नी की विशेष रूप से देखभाल करेगा। डॉ शर्मा ने कहा कि उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है, इसका मतलब यह नहीं है कि वे अपना कार्य करने में अब आनाकानी करेंगे। पुरस्कार अपने स्थान पर है और विक्षिप्तों की सेवा अपने स्थान पर। यह सेवा जीवनपर्यंत जारी रहेगी। महिला को उसके परिवार से मिलाकर डॉ शर्मा ने राहत महसूस की है।

# पुलिस ने छापामार कर पकड़ा सैक्स रैकेट

## पकड़े गए आधा दर्जन से अधिक युवक-युवितियां

***छतरपुर। रविवार की शाम को जिला मुख्यालय पर महिला थाना और कोतवाली थाना की संयुक्त पुलिस टीम ने छापामार कार्रवाई करते हुए सैक्स रैकेट पकड़ा है। पुलिस की छापामार कार्रवाई में आधा दर्जन से अधिक युवक-युवतियां आपत्तिजनक हालत में गिरफ्तार किए गए हैं। साथ ही मौके पर पुलिस को अवैध शराब भी मिली है।***




कोतवाली थाना प्रभारी अरविंद कुजूर ने बताया कि थाना क्षेत्र की विश्वनाथ कॉलोनी में सैक्स रैकेट संचालित होने की सूचना मिली थी, जिसके आधार पर महिला थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री और पुलिस बल के साथ संबंधित स्थान पर दबिश दी गई। उन्होंने बताया कि उक्त कार्रवाई विश्वनाथ कॉलोनी निवासी संतोषी तिवारी के घर पर हुई है, जिसमें मौके से 6 युवतियों और 2 युवकों को आपत्तिजनक हालत में गिरफ्तार किया गया है। इसके अलावा मौके पर 6 पेटी से अधिक अवैध शराब भी मिली है जिसे जप्त कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि संतोषी तिवारी को इससे पहले भी अनैतिक देह व्यापार के मामलों में कई बार गिरफ्तार किया जा चुका है। पकड़ी गई युवतियों को महिला थाने ले जाकर उनसे पूछताछ की जा रही है।

**संपादक मंडल**

अजय परिहार सह संपादक 6232531835, दीपक रैकवार, प्रकाश कठल जिला ब्यूरोचीफ, कानूनी सलाहकार अरविन्द निरंजन एडवोकेट, विक्रम सिंह प्रबंध संपादक 7898634648

मालिक, प्रकाशक, मुद्रक **रामबाबू सिंह परिहार** द्वारा फज्जू प्रिंटर्स शॉप नं.1 नगर पालिका कॉम्पलेक्स, सर्किट हाउस तिराहा, जवाहर रोड छतरपुर म.प्र.से मुद्रित कराकर कार्या.परिहार गर्जना सर्किट हाउस गेट जवाहर रोड छतरपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-**रामबाबू सिंह परिहार**/ मो.नं.9406730853, 9755204916, 07682-358321